आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश



महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

● वर्ष- 16 अंक 28 ● कटनी ● मंगलवार, 1 मार्च, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## सावधान...भारत में होगी असहनीय गर्मी

# हिमालय पिघलेगा, फसलें सूखेंगी, शहर बाढ़ में डूबेंगे

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के कारण देश के तटीय शहर और हिमालय से लगे इलाकों पर बड़ा असर पड़ेगा। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज रिपोर्ट के अनुसार, अगर जलवायु परिवर्तन पर अब ऐक्शन लेने में देरी हुई तो पूरी दुनिया के लिए परिणाम काफी घातक होंगे। मौसम बदलने के कारण ज्यादा या कम बारिश, बाढ़ की विभीषिका और लू के थेपेड़े बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट में बढ़ते तापमान के कारण भारत में कृषि उत्पादन में बड़े पैमाने पर कमी की भी आशंका जताई गई है। जलवायु खतरे को लेकर संयुक्त राष्ट्र के इंटरगवर्न्मेंटल पैनल ऑन क्लाईमेट चेंज की ताजा रिपोर्ट में चेताया गया है कि यदि कार्बन उत्सर्जन में कटौती नहीं हुई तो निकट भविष्य में गर्मी और उमस इंसान की सहनशीलता की सीमा को पार कर जाएगी। यह खतरा भारत समेत कई देशों पर है। रिपोर्ट सोमवार को जारी हुई। रिपोर्ट के चैप्टर 10 और पेज 57 पर कहा गया है कि भारत उन स्थानों में से एक है जो इन असहनीय परिस्थितियों का अनुभव करेगा।रिपोर्ट में वेट बल्ब तापमान का जिक्र किया गया है जिसमें तापमान की गणना करते समय गर्मी और उमस को जोड़ा जाता है। एक इंसान के लिए 31 डिग्री सेल्सियस का वेट-बल्ब तापमान बेहद खतरनाक है। 35 डिग्री सेल्सियस में तो छांव में आराम कर रहे स्वस्थ वयस्क के लिए भी लगभग 6 घंटे से अधिक समय तक जीवित रहना मुश्किल हो जाएगा।



**कुदरत की यह हेल्थ रिपोर्ट डरा रही**

### रिकॉर्ड तोड़ेगी गर्मी

रिपोर्ट के चैप्टर 10 और पेज 43 पर बताया गया है कि फिलहाल भारत में वेट बल्ब का तापमान शायद ही कभी 31ए डिग्री से अधिक होता है। अभी यह अधिकतम 25-30ए डिग्री रहता है। लेकिन उत्सर्जन में वर्तमान में किए वादों के मुताबिक कटौती की जाती है तब भी देश के उत्तरी एवं तटीय हिस्सों में यह 31 डिग्री तक पहुंच सकता है।रिपोर्ट के अनुसार, अगर उत्सर्जन में ऐसी ही वृद्धि जारी रही, तो भारत के अधिकांश हिस्सों में वेट बल्ब तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाएगा।

### लखनऊ और पटना में सबसे अधिक असर

हैरान करने वाली बात यह है कि रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर उत्सर्जन में वृद्धि जारी रही तो लखनऊ और पटना 35 डिग्री सेल्सियस के वेट बल्ब तापमान तक पहुंच जाएंगे। इसके बाद भुवनेश्वर, चेन्नई, मुंबई, इंदौर और अहमदाबाद में वेट बल्ब तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। असम, मेघालय, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब सबसे अधिक प्रभावित होंगे।

### समुद्र स्तर में वृद्धि से कृषि और बुनियादी ढांचे को खतरा

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सरकारें अपने मौजूदा उत्सर्जन-कटौती के वादों को पूरा करती हैं तो इस सदी में वैश्विक स्तर पर समुद्र का स्तर 44-76 सेंटीमीटर तक बढ़ जाएगा। लेकिन तेजी से उत्सर्जन में कटौती के साथ, वृद्धि 28-55 सेमी तक सीमित की जा सकती है। जैसे-जैसे समुद्र स्तर बढ़ता है, खारे पानी की घुसपैठ के कारण अधिक भूमि जलमग्न हो जाएगी, नियमित रूप से बाढ़ आ जाएगी, और जमीन कृषि के लिए अनुपयुक्त हो जाएगी। भारत के लिए समुद्र स्तर में वृद्धि और नदी की बाढ़ की आर्थिक लागत भी दुनिया में सबसे ज्यादा होगी।

# मार्च के पहले दिन महंगाई की मार

## दूध के बाद एलपीजी गैस सिलेंडर भी महंगा

**नई दिल्ली।** मार्च का पहला दिन ग्राहकों के लिए महंगाई लेकर आया है। दूध के बाद एलपीजी गैस सिलेंडर भी महंगा हो गया है। 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 105 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत 2,012 रुपये हो गई है। साथ ही पांच किलो के सिलेंडर में भी 27 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में इसकी कीमत अब 569 रुपये हो गई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती है। एक फरवरी को 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 91.50 रुपये की कटौती की गई थी। आज की बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 1907 रुपये से बढ़कर 2012 रुपये



### विधानसभा चुनाव के बाद बढ़ सकती हैं कीमतें

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। छह अक्टूबर 2021 के बाद से घरेलू एलपीजी सिलेंडर न तो सस्ता हुआ है और न ही महंगा। हालांकि इस दौरान कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई हैं। माना जा रहा है कि पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के बाद घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भारी तेजी आ सकती है।



## रेलवे ने यात्रियों को दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना को लेकर हालात सुधरने के बाद भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में फिर से ह्व्ह्वह्द्दह्यद्दह्म1द्गस्र कोच (गैर आरक्षित कोच) शुरू करने का फैसला किया है. गौरतलब है कि अब तक कोविड के कारण सामान्य डिब्बों (जनरल कोच) के लिए भी रिजर्वेशन कराना होता था. जो ट्रेनें एक जोन से दूसरे फोन की तरफ जाती थीं, वे सारी ट्रेनें रिजर्वेशन ओनली ट्रेन्स के तर्ज पर चल रही थीं. बहरहाल, कोविड के नए मामलों की संख्या में आई कमी के बाद अब यात्री सामान्य टिकट लेकर सामान्य डब्बे में सफर कर सकेंगे, लेकिन यह सुविधा आगे 4 महीने के लिए बुक हो चुकी सीटों के लिए नहीं होगी।

# उक्रेन में फंसे छात्रों को बाहर निकालेगी भारतीय वायुसेना

## मोदी सरकार का फैसला

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को निकालने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने अब भारतीय वायुसेना को भी मिशन च्गंगाज्‍ में शामिल होने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, वायुसेना जल्दी से फंसे इलाकों से छात्रों को निकाल सकती है। गौरतलब है कि भारत ने सोमवार को चार केंद्रीय मंत्रियों को यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजने का फैसला किया था ताकि छात्रों की मदद की जा सके और उन्हें यूक्रेन से निकाला जा सके। सूत्रों ने बताया कि वायु सेना के हवाई जहाजों के जुड़ने से भारतीयों के लौटने की प्रक्रिया गति पकड़ेगी, और उनकी संख्या में भी वृद्धि होगी। साथ ही साथ, भारत से भेजी जा रही राहत सामग्री भी और तेजी से पहुंचेगी। भारतीय वायु सेना के कई C-17 विमान आज ऑपरेशन गंगा के तहत उड़ान शुरू कर सकते हैं।

### बुखारेस्ट से 182 भारतीयों को लेकर सातवीं उड़ान पहुंची मुंबई

मुंबई। यूक्रेन में फंसे 182 भारतीय नागरिकों को लेकर सातवीं ऑपरेशन गंगा फ्लाइट भी बुखारेस्ट (रोमानिया) से मुंबई पहुंच गई है।



केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने मुंबई हवाई अड्डे पर भारतीय छात्रों की अगवानी की। वहीं एक भारतीय छात्र ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन गंगा की आठवीं उड़ान भी बुडापेस्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गई है। छात्र ने कहा कि यह एक सहज प्रक्रिया थी। हम यूक्रेन से हंगरी निकालने के लिए भारतीय दूतावास और सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं। वे हमें सकुशल घर वापस लाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट करते हुए कहा कि हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक हमारे भारतीय नागरीक सुरक्षित नहीं हो जाते हैं।

### यूक्रेन में भारतीय नागरिकों तुरंत कीव छोड़ने के निर्देश

भारतीय दूतावास ने कीव में रह रहे भारतीय नागरिकों को तुरंत शहर छोड़ने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा नागरिक ट्रेन, बस जैसे भी हो वहां से तुरंत निकले। गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला शुरू कर दिया है और उसके कई शहरों में भारी बमबारी की है।



### यूक्रेन के सैन्य बेस पर रूस ने किया बड़ा हमला

# 70 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**मॉस्को, कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अब 6वें दिन में प्रवेश कर चुका है और रूस की सेना यूक्रेन की राजधानी कीव पर लगातार बमबारी कर रही है तो वहीं खारकीव में भी जोरदार धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। इस बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति राजधानी कीव को छोड़कर भाग चुके हैं। यह दावा रूसी मीडिया रिपोर्ट्स में किया गया है। साथ ही राजधानी कीव की घेराबंदी तेज हो गई है। राजधानी कीव को रूस के सैनिकों, बख्तरबंद गाड़ियों और तोपों से घेरा जा चुका है। इस बीच रूस ने परमाणु ट्रायड की तैयारी भी शुरू कर दी है। खबरों के मुताबिक, यूक्रेन की राजधानी कीव की ओर 84 किलोमीटर लंबा रूसी सैन्य काफिला बढ़ रहा है। इसकी सेटेलाइट तस्वीरें भी जारी हुई हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में इमरजेंसी डिबेट के पक्ष में 29 वोट पड़े हैं। भारत समेत 13 देशों ने इस वोटिंग में भाग नहीं लिया। खबरों के मुताबिक, यूक्रेन के ओख्तिरका शहर में रूसी सेना की ओर से जोरदार हमला किया गया है। इस हमले में यूक्रेन के सैन्य बेस को निशाना बनाया गया है,



**5 दिनों में यूक्रेन में भारी तबाही**

जिसमें 70 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिकों की मौत की खबर है। रूस-यूक्रेन के बीच पिछले पांच दिनों से जंग छिड़ी हुई है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का कहना है कि, पिछले पांच दिनों में रूस ने यूक्रेन में 56 रॉकेट और 113 क्रूज मिसाइलें दागी हैं।

### यूक्रेन का दावा,मार गिराए दो रूसी विमान

इस समय रूस भी यूक्रेन में जमकर हमले कर रहा है। वहीं यूक्रेन की सेना जवाब दे रही है। यूक्रेन ने रूस के दो विमान मार गिराए हैं। इसमें सुखोई 35 और सुखोई 30 शामिल हैं। रूस की कई समाचार वेबसाइट सोमवार को हैक हो गईं। इन वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर एक संदेश आने लगा, जिसमें यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा की गई थी। माना जा रहा है कि हमले के पांचवें दिन पुतिन की सेना ने अपनी बर्बर कार्रवाई में क्लस्टर और वैक्यूम बम का इस्तेमाल किया। खबरों के मुताबिक, यूक्रेन के ओख्तिरका शहर में रूसी सेना की ओर से जोरदार हमला किया गया है। इस हमले में यूक्रेन के सैन्य बेस को तबाह कर दिया है।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** यूक्रेन संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की है। सूत्रों के मुताबिक, इस मुलाकात का उद्देश्य राष्ट्रपति को यूक्रेन संकट से संबंधित सभी मुद्दों की जानकारी देना था।



## महंगे गिफ्ट पर लगेगा टैक्स

# कंपनी के ऊपर 10 फीसदी टैक्स काटेगी सरकार

**नई दिल्ली।** जिस कंपनी में व्यक्ति काम कर रहा है, अगर वहां पर उसे मोटे गिफ्ट मिलते हैं या फिर उस पर सैलरी से अलग कोई खर्च किया जा रहा होगा तो अब वो भी टैक्स के दायरे में आ जाएगा। सरकार ने बजट में प्रावधान किया है कि इस साल से कंपनी के ऊपर 10 फीसदी टैक्स काटने का नियम बनाया गया है। वित्तवर्ष 2022-23 के बजट में आयकर कानून में नया प्रावधान 194 आर जोड़ा गया है। इसके तहत जो कंपनियां बिजनेस प्रमोशन के तहत एजेंट, स्टॉकिस्ट, होलसेलर या बाकी सप्लाई चेन से जुड़े लोगों को गिफ्ट देती है या फिर काम के एवज में विदेश दौरे का तोहफा देती है तो उसे खर्च हुई कुल रकम से 10 फीसदी टीडीएस काटकर आयकर विभाग के पास जमा कराना होगा। ये टैक्स तभी जमा कराना होगा जब गिफ्ट या फिर किए गए खर्च की रकम 20 हजार या उससे ऊपर है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे खर्च पर ये टीडीएस की रकम तकरीबन हर उस कंपनी को आयकर विभाग के पास जमा कराना होगी जो ऑडिट के दायरे में आते हैं।टैक्स मामलों के जानकार देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इसके तहत कंपनियों में डायरेक्टर्स पर किए जाने वाले खर्च भी शामिल हो सकते हैं। कंपनियों की तरफ से डायरेक्टर को दिए जाने वाले गेस्टहाउस या फिर दूसरी सुविधाओं पर हुआ खर्च पर भी अब कंपनियों को टीडीएस काटकर जमा कराना होगा।



## रूस का साथ देना वाला चीन भी बोला- यूक्रेन की हालत बेहद चिंतानक

**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूस के हमले का समर्थन करने वाला चीन भी अब कह रहा है कि इस समय यूक्रेन की हालत दिल बैठा देने वाली है। उसने यूएन से कहा है कि यह मानवीय आपदा रोकने के प्रयास किए जाएं। यूएन में चीन के स्थायी सदस्य ने यह बात कही है। बता दें कि इस मामले में चीन तटस्थ बना हुआ है और पीछे से रूस को समर्थन भी दे रहा है। पश्चिमी देशों ने इस रवैये की आलोचना की है। चीन ने इन हमलों को कभी गलत नहीं बताया है। चीन ने कहा, यूक्रेन में जो कुछ भी हो रहा है, दिल बैठा देने वाला है। चीन चाहता है कि दोनों पक्ष मिलकर बात करें और इसका हल निकालें। आम लोगों की मौतें हो रही हैं और इसे रोकना जरूरी है। ह में चीन के स्थायी सदस्य झांग ने कहा, आम लोगों का जीवन और उनकी संपत्ति बहुमूल्य है। इसके अलावा यूक्रेन में दूसरे देशों के जो लोग रह रहे हैं, उन्हें भी नुकसान हो रहा है।



# अब नवाब मलिक के बेटे पर भी शिकंजा

**मुंबई।** दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग केस में नवाब मलिक की गिरफ्तारी के बाद अब उनके बेटे की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, ईडी ने उनके बेटे फराज मलिक को समन भेजकर तलब किया है। बताया जा रहा है कि फराज को ईडी की तरफ से समन कल ही भेजा गया था लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। बता दें कि इससे पहले ईडी ने एनसीपी नेता नवाब मलिक को भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण मलिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अब उन्हें छुट्टी मिल गई है और वे फिर से ईडी की हिरासत में हैं।महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपने खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मलिक ने अपनी याचिका में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है और उन्होंने तुरंत रिहा करने की मांग की है।बीते बुधवार को एनसीपी नेता को ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन पर दाऊद इब्राहिम के करीबी से संपत्ति खरीदने का आरोप है। इसके अलावा मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में भी ईडी जांच कर रही है। ईडी की टीम ने बुधवार सुबह करीब सात बजे उनके घर पर छापेमारी की थी। इसके बाद ईडी उन्हें अपने साथ ले आई थी। करीब छह घंटे पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई थी।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मलिक की गिरफ्तारी के बाद पूरी कहानी का पर्दाफाश किया था। ईडी ने कोर्ट में बताया था कि, मंत्री नवाब मलिक ने कथित रूप से मुनिरा प्लंबर से 300 करोड़ रुपये का प्लाट कुछ लाख रुपये में एक कंपनी के जरिये हड़पा था।

**अंडरवर्ल्ड कनेक्शन मामले में ईडी ने भेजा समन, बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

## पुतिन के पास है 4 हजार परमाणु बमों का जखीरा

# 20 मिनट में ब्रिटेन को कर सकते हैं तबाह

**लंदन/मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के परमाणु बमों को युद्धक ड्यूटी में लगाने के फैसले से दुनिया में दहशत का माहौल है। शीतयुद्ध शुरू होने के बाद दुनिया ने यह मान लिया था कि एक-दूसरे को तबाह करने के खतरे के कारण विश्वभर में परमाणु युद्ध नहीं होगा। इस बीच यूक्रेन में जारी भीषण हमले के दौरान रूसी राष्ट्रपति के परमाणु बमों को अलर्ट करने के ऐलान को दुनिया में बहुत गंभीरता से लिया जा रहा है। वह भी तब जब रूस के पास दुनिया में सबसे ज्यादा 4,477 परमाणु बम हैं।यूक्रेन में रूस के हमले का वहां की सेना करारा जवाब दे रही है और यही नहीं पश्चिमी देश इसके खिलाफ लगातार एकजुट हो रहे हैं। पुतिन ने जब हमले का ऐलान किया तो उस समय पश्चिमी देशों को चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देशों ने सैन्य रूप से हस्तक्षेप किया तो उन्हें इतिहास में सबसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ऐसे में अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या पुतिन की धमकी दुनिया में सच होने जा रही है। ऐसा तब है जब रूस के पास हर परिस्थिति से निपटने के लिए हथियार मौजूद हैं। जमीन, सबमरीन और प्लेन के जरिए दागे जा सकते हैं एटम बम- रूस के पास इस समय 4,477 परमाणु हथियार हैं। अमेरिका के फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक रूस के पास मौजूद कुल 4,477 परमाणु बमों में 2,565 स्ट्रेटजिक और 1,912 नॉन स्ट्रेजिक हैं। इसमें कहा गया है कि रूस अपने परमाणु बल और उसके आधारभूत ढांचे में तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है। इन परमाणु बमों को जमीन, सबमरीन और प्लेन के जरिए दुश्मन के ठिकाने पर गिराया जा सकता है। इसके अलावा रूस के पास कई ऐसे नॉन स्ट्रेटजिक परमाणु बम हैं जो युद्ध में तुरंत तैनात किए जा सकते हैं और वे बहुत कम ही इलाके में तबाही मचाते हैं। इनसे रेडियो एक्टिव विकिरण भी कम होता है। ये परमाणु बम नागरिक ठिकानों को बर्बाद करने की बजाय सैन्य क्षमता को तबाह करते हैं। ये लैंडमाइन से लेकर टारपीडो तक हो सकते हैं।



# फिर ठंडे बस्ते में चांडक चौक घंटाघर मार्ग

## सड़क के दोनों ओर मकान, दुकान चिन्हित, दिखी सक्रियता अब पेंडिंग

**कटनी।** जगन्नाथ चौक अर्थात चांडक चौक से घंटाघर सड़क चौड़ी करण के लिए कवायद शुरू हुई तो लगा कि अब इस मार्ग को उद्धार अवश्य हो जाएगा एक दो दिन निगम तथा राजस्व अमला भी सड़क पर दूरबीन लेकिन घूमा, बस लगा कि कल से यहां जेसीबी पहुंचने वाली है। दिन पर एक बार फिर लोग रास्ता ही निहार रहे हैं। स्थानीय व्यवसायी रहवासी आने जाने वाले सब रोड की खराब हालत से परेशान हैं। पूरे शहर में डामलीकरण हुआ तो इस रोड के डामलीकरण की उम्मीद जगी लेकिन सड़क चौड़ीकरण के बहाने इसे डामलीकरण तो दूर पेच वर्क में भी शामिल नहीं किया जा सका ताकि हालांकि इससे पहले सड़क चौड़ी करण की इस योजना को प्रशासनिक सफलता नहीं मिल सकी थी। अब मास्टर प्लान के अनुसार सड़क को मास्टर प्लान के अनुसार 12 मीटर किए जाने के प्रयास शुरू हो गए हैं। अधिकारियों ने इसका निरीक्षण भी कर लिया है।



### सड़क के दोनों ओर मकान, दुकान चिन्हित किए गए

कुछ रोज पहले बताया गया था कि सड़क संकरी होने के कारण यहां पर दिन में कई बार जाम लगता है। लेकिन सड़क चौड़ीकरण के प्रयासों को सफलता नहीं मिल रही है। इस बार सेंटर प्वाइंट को आधार मानकर जो संरचनाएं आड़े आ रही हैं। उन्हें तोड़ा जाएगा।

### फिर प्रक्रिया स्थगित कर दी गई

इससे पहले वर्षों से जगन्नाथ चौक से जुहला बायपास के अतिक्रमण हटाए जाने संबंधी कार्रवाई की जाती रही है लेकिन बाद में जुहला बायपास से गर्ग चौराहे तक तो अतिक्रमण हटाए लेकिन यहां से जगन्नाथ चौक तक अतिक्रमण हटाए जाने की प्रक्रिया स्थगित कर दी गई।

### ये थी योजना

जगन्नाथ चौक से जुहला बाइपास तक 342 अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे। नगर निगम द्वारा चिन्हित स्थलों के कब्जाधारियों को नोटिस देकर खुद से हटाने आग्रह किया था। उसके बाद तोड़-फोड़ की कार्रवाई की जानी थी लेकिन जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक यह प्रक्रिया पहुंच पाती उससे पहले ही इस पर रोक लगा दी गई। गर्ग चौराहा और ओवर ब्रिज से जुहला बाइपास तक तीन पार्ट में सड़क का निर्माण होना था लेकिन कार्रवाई बीच में ही रुक गई। इस कार्रवाई में सिर्फ अतिक्रमण ही हटाए जाएंगे और किसी भी प्रकार से भूमि का अधिग्रहण नहीं होना था।

### कहीं 9 मीटर तो कहीं उससे अधिक भी अतिक्रमण

उस समय के सर्वे के अनुसार इस मार्ग पर कहीं पर 9 मीटर तो कहीं उससे अधिक भी अतिक्रमण था। इसके अलावा कहीं पर 9 मीटर से भी कम पर अतिक्रमण है। जिसके लिए सर्वे कराया गया था। नगर निगम ने यह कार्रवाई उसके पास दर्ज नक्शा रिकार्ड के आधार पर की थी। जगन्नााथ चौक से जुहला बायपास तक के मार्ग के चौड़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना से दस करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। स्वीकृति के बाद से ही जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक के संकरे मार्ग से निजात मिलने की लोगों में उम्मीद जगी थी लेकिन बाद में यहां पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक देना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। हालांकि अब जबतक अतिक्रमण हट नहीं जाते और सड़क चौड़ी नहीं जाती इस योजना को लेकर नागरिकों में संशय की स्थिति है।

# सिर्फ बूंदी के लड्डू नहीं हर जगह ही ऐसी गंदगी में बनतीं है खाद्य सामग्री



**कटनी।** सिर्फ बूंदी के लड्डू ही नहीं कटनी शहर और उपनगरीय क्षेत्रों शहर की कई होटलों में खाद्य सामग्री बनते अगर आप देख लें तो सोच में पड़ जाएंगे कि यह खाद्य सामग्री आपके पेट में जाकर क्या नुकसान करती होगी। सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि कटनी में दो दिन पहले बूंदी के लड्डू बनाने की एक फैक्ट्री पर छापा मारा गया जहां काफी गंदगी और अनियमितता पाई गईं लेकिन आपको बता दें कि यह तो सिर्फ बानगी है शहर में कई स्थानों पर नमकीन मिठाई आदि निर्मित होने वाली छोटी छोटी फैक्ट्री है जहां पर हद दर्जे की लापरवाही और गंदगी मिलावट देखी जा सकती है। आपको बता दें कि कटनी में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम ने शिवनगर में संचालित लड्डू के कारखाने में गंदगी मिलने और गंदगी के बीच खाद्य सामग्री बनाए जाने पर संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता और बृजेश कुमार विश्वकर्मा ने सुरेन्द्र यादव के कारखाने का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पूरे परिसर में गंदगी मिली। गंदगी के बीच लड्डू बनाए जा रहे थे। जिस पर सुरेन्द्र यादव के खिलाफ कुठला थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार मामला दर्ज कर लिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि बूंदी के लड्डू निर्माण में उपयोग किए जा रहे बेसन के नमूने लिए गए हैं। जिसे जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

# गजब है! जल नहीं पर कर के लिए कट रहे नल कनेक्शन



***कटनी। कटनी शहर और उपनगरीय ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गर्मी की शुरूआत भी नहीं हुई और कष्टकारी बन गया है बात शहर की करें तो भले ही नगर निगम के नलों में पानी नहीं है लेकिन कर अर्थात नल किराये के लिए कनेक शन काटने टीम गठित हो गई है और तो और शहर में जल संकट के लिए निगम भले ही कोई कार्ययोजना अब तक तैयार न कर पाया हो पर उसने जल कर की वसूली का प्लान तैयार कर लिया है।***

कटनी नगर निगम ने वित्तीय समाप्त होने के मद्देनजर टैक्स की वसूली तेज कर दी है। वसूली के नगर निगम कार्यालय के अलावा शिविर भी लगाए जा रहे हैं। इसके बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वालों पर अब कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम में जलकर नहीं जमा करने पर 6 लोगों के नल कनेक्शनों को काट दिया गया है। नल कनेक्शन काटने के लिए नगर निगम ने टीम का गठन पहले ही कर दिया था। नगर निगम ने जलकर प्रभारी अश्विनी पांडेय ने बताया कि गठित दल ने नगर के वार्डो में जलकर की बकाया राशि जमा नहीं करने पर 6 लोगों के नल कनेक्शन काट दिए हैं। उन्होंने बताया कि आचार्य विनोवा भावे वार्ड में जवाहर लाल, सुखदेव प्रसाद तिवारी, गुरूनानक वार्ड निवासी गिद्दूमल नानूमल और भगवत सिंह, रफी अहमद किदवई वार्ड मूलचंद प्रेमलाल, अंबेडकर वार्ड में विनोद कुमार बिलौहा का नल कनेक्शन काट दिया गया है। नगर निगम की गठित टीम वार्ड-वार्ड जाकर जलकर नहीं जमा करने वालों का पता लगा रही है। जल कर जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

# शहर में फाइबर का मकड़जाल

## एयरटेल, जिओ, बीएसएनएल फाइबर के बाद बिजली कनेक्शनों के केबिल बने मुसीबत



**कटनी।** शहर के हर गली मुहल्ले मुख्य मार्ग तारों के मकड़जाल से घिरी हुई नजर आती है। स्थिति यह है कि बिजली के खंभों पर बिजली से अधिक इंटरनेट और केबल ऑपरेटर के वायर लटके हुए दिखते हैं। इन खंभों पर लटके हुए ज्यादातर तार प्रयोग में नहीं हैं, क्योंकि एक बार तार के खराब होने पर ऑपरेटर पुराने तार को वहां से नहीं हटाते हैं और नई तार डाल दी जाती है। गलियों में यही तार कदम कदम पर लटके हुए नजर आते हैं। इस समस्या से लोग सालों से परेशान हैं। लेकिन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। बिजली के सभी खंभों पर इंटरनेट और केबल के अव्यवस्थित तारों के कारण आए दिन शॉर्ट सर्किट की समस्याएं आती रहती हैं। इसकी वजह से कभी आग भी लग सकती है। यहां के सुभाष चौक से सिलवर टाकीज मार्ग तथा झंडा बाजार से आजाद चौक में यह तारों को मकड़जाल ज्यादा देखा जा सकता है।

इन मार्गों में रहने वाले लोगों ने बताया कि इंटरनेट और केबल ऑपरेटर को खंभों पर जरूरत के हिसाब से तारों को रखना चाहिए। जो तार उपयोग में नहीं हैं, उन्हें देखकर वहां से तुरंत हटा देना चाहिए, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होता है। लोग तीसरे और चौथे फ्लोर से प्लास्टिक की थैलियों मे कूड़ा फेंक देते हैं, जो इन इंटरनेट और केबल की अनावश्यक तारों में अटक जाते हैं और महीनों तक लटके रहते हैं। जो देखने में तो काफी खराब लगते ही हैं। वहीं, गलियों में जगह-जगह तारों के लटके होने की वजह से पैदल चलने वाले रात के वक्त चोटिल हो जाते हैं। यहां के तारों को नहीं हटाया गया तो ये कभी बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं। इसके अलावा इन इन तारों में उलझ कर पक्षियों की भी मौत हो जाती है। आपको बता दें कि शहर में इन दिनों फाइबर इंटरनेट का दौर चल रहा है। दो प्रमुख कंपनियां एयरटेल और जिओ लोगों को आप्टिकल फाइबर से ब्राडबेंड कनेक्टशन दे रहीं है जबकि बीएसएनएल पहले से ही ओएफसी के जरिए लोगों को ब्राडबैंड उपलब्ध करा रहा है। इसके बाद बिजली के कनेक्शनों के केबिल भी खंबो पर बहुतायत हो जाते हैं।

### प्रभारी मंत्री के निर्देश बेअसर

कटनी में केबिल तारों का मकड़जाल को लेकर बीते महीने कटनी आए प्रभारी मंत्री ने भी कहा था कि कटनी में ऐसा लगता है जैसे तारों के मकड़जाल में फंसा व्यक्ति कैसे निकलेगा। उन्होंने यहां बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि खंबो पर तारों को व्यवस्थित ढंग से लगाया जाए और तो और उन्होंने यह भी कहा था कि अगली बार जब मैं आउं तो मुझे शहर में तारों का मकड़जाल नहीं दिखना चाहिए प्रभारी मंत्री तो निर्देश देकर रवाना हो गए लेकिन उनके निर्देश को जिम्मेदारों ने एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया अब एक बार फिर से जल्द प्रभारी मंत्री का कटनी आगमन होने वाला है ।

# कटनी नदी पुल के काम की धीमी रफ्तार, भोपाल में सेतु निगम के अधिकारियों की आवश्यक बैठक में लगी जमकर फटकार

कटनी। कटनी नदी पुल के निर्माण को लेकर संभाग के सेतु निगम के अधिकारियों को फटकार लगी है। कटनी में बन रहे एक पुल की दास्तान जानकर आप भी हैरत में पड़ जाएंगे। पिछले 13 साल से बन रहे महज 90 मीटर के इस ब्रिज में सरकारी कामकाज की धीमी रफ्तार और गुणवत्ता में अनदेखी की घोर पराकाष्ठा साफ देखी जा सकती है। ऐसा नहीं है कि पुल को बनाने का प्रयास नहीं हुआ। बाकायदा प्रदेश शासन से प्रस्ताव पास हुआ। 20 से 22 करोड़ रुपये में टेंडर के साथ भूमि पूजन भी किया गया। इसके बाद ठेकेदार ने पुल के निर्माण का कार्य भी शुरू किया और कार्य भी हुआ, लेकिन फिर भी यह ब्रिज 13 साल से बनकर तैयार होने की प्रतिक्षा कर रहा है। दरअसल कटनी शहर के मध्य से गुजरने वाली कटनी नदी पर अपने जीवन का शतक लगा चुका पुराना पुल अब उम्रदराज हो चुका है। जिस पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिसको देखते हुए साल 2008 में इसी के समानांतर एक नया ब्रिज बनाये जाने के प्रस्ताव को राज्य शासन ने स्वीकृति दी थी। शहर को बस स्टैंड से जोड़ने वाले इस नये पुल का 11 मार्च 2008 को भूमि पूजन किया गया। पुल का कार्य निर्धारित डेढ़ साल की समयावधि में पूर्ण हो जाना था। लेटलतीफे के चल रहे कार्य के बीच मे ठेकेदार ने धनुषाकार ब्रिज बनाने में असमर्थता जाहिर कर दी जिसके बाद पुल की ड्राइंग डिजाइन बदली गई। पुल का कार्य पूर्ण नहीं हुआ नतीजा है कि 13 साल बाद भी पुल बनकर तैयार नहीं हो सका। अब एक बार फिर से पुल को बनाने कार्य में तेजी दिख रही है लेकिन चिंता तब तक है जब तक इसका एक छोर दूसरे से न मिल जाए सूत्रों के अनुसार पुल को लेकर गत दिनों भोपाल में हुई सेतुनिगम तथा पीडब्लूडी की बैठक के दौरान इसे लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने जमकर फटकार लगाई। आपको बता दें कि कटनी नदी पुल को लेकर सत्ता पक्ष की काफी किरकिरी हो रही है।

**कर्मचारी जगत**

# सरकार की सिरदर्द बनी पुरानी पेंशन के लिए अब कटनी में भी उठ रही मांग

**कटनी।** यूं तो आम आदमी के लिए यह मसला ज्यादा समझ में नहीं आता लेकिन कर्मचारी वर्ग इसे लेकर पिछले कई माह से निरंतर आंदोलनरत है मामला है पुरानी पेंशन बहाली का। कटनी में भी विभिन्न कर्मचारी संगठनों तथा रिटायर्ड लोगों ने अब इस मुद्दे पर आवेदन निवेदन आंदोलन का मन बना लिया है। दरअसल पिछले महीने तक कोई प्रॉब्लम नहीं थी लेकिन राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की अशोक गहलोत सरकार ने सारा कैलकुलेशन ही बिगाड़ दिया। वहां पुरानी पेंशन की घोषणा हो गई। झारखंड में भी हो गई। अब मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह सरकार पर दबाव है। सरकार फिलहाल किसी डिसीजन पर नहीं पहुंची है परंतु पुरानी पेंशन की बहाली में फायदे और नुकसान पर विचार विमर्श शुरू हो गया है।




### पुरानी पेंशन का फायदा- हर साल 344 करोड़ की बचत

पुरानी पेंशन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि प्रॉपर्टी बेचकर काम चला रही मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को हर साल 344 करोड रुपए की बचत होगी। यह बचत लगातार 12 साल तक चलेगी। न्यू पेंशन स्कीम के तहत सरकार को कर्मचारी के खाते में अपना 14त्न अंशदान तत्काल जमा करना होता है। न्यू पेंशन स्कीम के तहत कर्मचारियों की संख्या 3.35 लाख हो गई है।

### पुरानी पेंशन के नुकसान- 12 साल बाद दिवाला निकल जाएगा

पुरानी पेंशन योजना का वजन कितना है सीएम शिवराज सिंह चौहान से ज्यादा कौन जान सकता है। कुछ सालों पहले उन्हें पुराने पेंशन नियमों के कारण ही कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करनी पड़ी थी, क्योंकि सरकार के पास पेंशन नियम-1972 के तहत रिटायरमेंट के समय कर्मचारियों को देने के लिए इतना सारा पैसा था ही नहीं। यदि आज पुरानी पेंशन की घोषणा कर दी तो 12 साल बाद सरकार के पास बेचने के लिए प्रॉपर्टी भी नहीं बचेगी।

# प्रेमप्रसंग को लेकर की गई रूपा की हत्या

## रीठी पुलिस ने सुलझाई वारदात, आरोपी गिरफ्तार, रेलट्रैक पर युवती का क्षत-विक्षत शव मिलने का मामला

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम सगौड़ी निवासी एक 26 वर्षीय युवती का रीठी थाना अंतर्गत कटनी-बीना रेलखंड के सिमरा रेल फाटक के समीप क्षत विक्षत शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद होने के मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने न केवल अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है बल्कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक युवती की हत्या प्रेमप्रसंग को लेकर की गई है। गौरतलब है कि ग्राम सगौड़ी निवासी 26 वर्षीय रूपा सिंह पिता भूपेन्द्र सिंह शहर के आजाद चौक स्थित एक प्रतिष्ठान में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करती थी। गांव से ही रोजाना अप-डाऊन करती थी। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह काम पर न आकर बैंक के काम से शहर आई लेकिन इसके बाद घर नहीं पहुंची। परिजनों ने रात 12 बजे तक तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। रूपा का दोपहर दो बजे से ही फोन बंद हो गया था। इसके बाद संदिग्धावस्था में उसका क्षत विक्षत शव कटनी-बीना रेलखंड के सिमरा रेल फाटक के पास पड़ा मिला। बताया जाता है कि युवती जिस बैग को लेकर काम करने शहर आती थी वह रेल लाइन के पास पड़ा मिला। जिसमें मिले दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त हुई। रीठी पुलिस ने युवती का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की और पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि रूपा की लाश मिलने के बाद से ही मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था तथा आक्रोशित परिजनों, करणी सेना सहित अन्य संगठन से जुड़े लोग रविवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर हत्या का आरोप लगाए हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

### संदेही युवक ही निकला आरोपी

यहां यह भी उल्लेखनी है कि रूपा की हत्या के मामले में मृतिका के भाई आकाश ने बिलहरी निवासी हरीश बर्मन नामक युवक पर संदेह व्यक्त किया था। भाई ने पुलिस को दिए बयान में यह बताया था कि हरीश बर्मन नामक युवक का फोन उसके पास आया था। उसी नंबर से फोन बहन के फोन में भी गया था। भाई आकाश का आरोप था कि बिलहरी के हरीश बर्मन ने ही मर्डर किया है। लोकेशन लेने के लिए मुझे फोन लगाया गया था। पुलिस ने भाई ने बयान के आधार पर संदेही युवक हरीश बर्मन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
1,3, 7 एवं रात्रि 9 बजे से




गंगुबाई कठियावाड़ी
कलाकार- आलिया भट्ट, अजय देवगन, विजय राज, सीमा पहवा आदि।
Tickets Available on Book My Show

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
12,4, 6 एवं रात्रि 10 बजे से





VALIMAI (हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
Tickets Available on Book My Show

# राशन पर्ची से जुड़ी समस्याओं का नहीं हो पा रहा निराकरण

**कटनी।** जिले में खाद्द पर्ची से संबंधित समस्या निरंतर बढ़ती जा रही हैं इससे पात्र लोगों को मुफ्त अनाज मिलने में परेशानी हो रही है। राशन दुकानों में पात्रता पर्ची मे गड़बडी की दर्जनों शिकायत आ रही हैं लेकिलन इन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। समस्याओं को लेकर गरीब लोग जनप्रतिनिधियों के घरों में भी दस्तक दे रहे हैं गत दिनों भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सांसद व्हीडी शर्मा के समक्ष भी यह मामला सामने आया था उन्होंने कलेक्टर से समस्या के समाधान के लिए कहा था। जिसके बाद खाद्य विभाग से संबंधित हितग्राहियों के नाम जोड़ने, राशन पर्ची से जुड़ी शिकायतों के निराकरण में विभागीय अमला समन्वय स्थापित करते हुए करे निराकरण की कार्रवाई। निर्देश दिए गये कि सभी एसडीएम इस कार्य की मॉनिटरिंग करें। इस कार्य के लिए अनुविभाग स्तर पर फूड विभाग के अधिकारी जनपद या एसडीएम कार्यालय में बैठक कर इस कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश सोमवार को सीईओ जिला पंचायत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, समाधान ऑनलाईन, 100 दिवस, 300 दिवस सहित अन्य विषयों व लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
VALIMAI
(हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 01 मार्च 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# दुकानदारों ने स्कूल परिसर को बनाया व्यापार का अड्डा

नियमों को ताक पर रखकर किया रेत का स्टाक, माधवनगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या स्कूल का मामला





**कटनी। सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाने पर वैसे तो नगर निगम प्रशासन मौके पर पहुंचकर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूलता है, लेकिन उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में चावला चौक के पास कतिपय दुकानदारों ने स्कूल को ही व्यापार का अड्डा बना लिया गया है और यहां बड़ी मात्रा में रेत का स्टॉक किया गया है...और यह सब नगर निगम के कतिपय अधिकारियों की सांठगांठ से ही हो रहा है। जिम्मेदारों ने भी अपने आंख पर पट्टी बांध रखी है।**

ऐसा लगता है कि स्कूल परिसर में नियम विरूद्ध हो रहे कारोबार को अफसरों ने खुली छूट दे रखी है। स्कूल के सामने रेत का बड़ी मात्रा में स्टाक करते हुए यहां से दिन में कईयों बार ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से रेत लोड और अनलोड की जाती है। इससे दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के चावला चौक से पुत्री शाला रोड पर शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला स्थित है, जहां पर आसपास के बच्चे पढ़ने आते हैं। इसी परिसर में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं बाल संस्कार केन्द्र का भी संचालन होता है। स्कूल की बाउण्ड्रीवॉल नहीं बनी हुई है, जिसका क्षेत्र के दुकानदार फायदा उठा रहे हैं और स्कूल के ठीक सामने रेत सहित अन्य निर्माण सामग्री का स्टॉक किया गया है। क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार जिन्होंने यहां रेत का स्टॉक किया है, उनकी दुकानें रोड पर स्थित है और यहां रेत सहित अन्य निर्माण सामग्री का भंडारण करने के साथ ही नियमविरूद्ध तरीके से व्यापार किया जा रहा है। दिन में कईयों बार यहां ट्रेक्टर ट्राली रेत लोड करने के लिए आती है, इसी दौरान छुट्टी के समय स्कूल की छोटी-छोटी बच्चियां यहां खेलती है, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है।

**दिन-भर टेक्टर ट्राली से होती रहती है लोडिंग-अनलोडिंग, दुर्घटनाओं का अंदेशा, नगर निगम प्रशासन की अनदेखी**

### कतिपय कर्मचारियों की सांठगांठ

क्षेत्र के लोगों के अनुसार दुकानदारों और नगर निगम के कतिपय कर्मचारियों की सांठगांठ के चलते ही स्कूल के सामने इस तरह नियमों को ताक पर रखकर व्यापार किया जा रहा है। सांठगांठ के चलते ही सरकारी स्कूल को अनैतिक कार्यों का अड्डा बना लिया गया है। कुछ समय पहले नगर निगम प्रशासन द्वारा एक आदेश जारी करते हुए सड़क पर निर्माण सामग्री रखने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई थी लेकिन नगर निगम के अफसरों की यहां नजरें कब इनायत होगी।

### इनका कहना है

इस पूरे मामले में जब जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि स्कूल परिसर में इस तरह रेत का स्टाक करते हुए व्यापार किया जाना गलत है। इसको लेकर नगर निगम आयुक्त एवं माधवनगर पुलिस को एक पत्र लिखकर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के लिए कहा जाएगा।

5 मार्च से शुरू होगी प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा

# सरकारी एवं निजी स्कूलों में टीईटी पास उम्मीदवारों को मिलेगा शिक्षक बनने का मौका

**कटनी। सरकारी स्कूलों में होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है। कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा प्राथमिक शिक्षक पात्रता वर्ग 3 की परीक्षा प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत 16 शहरों में आगामी 5 मार्च से शुरु होने जा रही है। इस परीक्षा में पूरे प्रदेश से लगभग 11 लाख शिक्षक सम्मिलित होंगे लेकिन कक्षा पहली से आठवी तक के किसी भी सरकारी या प्राइवेट स्कूल में टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट पास किए बिना शिक्षक पद पर नियुक्ति नहीं हो सकेगी।**

इसका मतलब ये है कि सरकारी और निजी स्कूलों में टीईटी पास वाले ही उम्मीदवारों को शिक्षक बनने का मौका मिलेगा, वहीं सितंबर 2001 के बाद नियुक्त हर शिक्षक को व्यावसायिक दक्षता के तौर पर यानी डीएड या बीएड पास करना भी जरूरी कर दिया गया है, इसके अलावा मृत शिक्षक के आश्रितों को शिक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए भी यह टेस्ट पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। टेस्ट पास करने के साथ ही व्यावसायिक दक्षता के तौर पर डीएड या बीएड होना भी जरूरी है। पहले भरे गए एवं नए आवेदक दोनों विभागों के पदों के लिए मान्य होंगे। शिक्षक भर्ती में चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा और इसके आधार पर मेरिट तैयार करके अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी। सिर्फ लिखित परीक्षा में पास होने पर किसी पद विशेष पर भर्ती का दावा नहीं किया जा सकेगा।

### 5 हजार रिक्त पदों पर होगी भर्ती

मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग और ट्राइबल डिपार्टमेंट के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में 5 हजार प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती होनी है। स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूलों और जनजातीय कार्यविभाग के स्कूलों में प्राथमिक शिक्षक पदों पर भर्ती के लिए योग्यता निर्धारित करने के लिए संयुक्त पात्रता परीक्षा 2020 का आयोजन 5 मार्च से किया जा रहा है। परीक्षा के बाद शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग एवं अन्य निजी स्कूल अपने स्तर पर पद निकालकर भर्ती कर सकेंगे। पीईबी ने परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार यह परीक्षा प्रदेश के 16 शहरों में आयोजित की जाएगी। जिसमे भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, नीमच, रतलाम, मंदसौर, सागर, सतना, खंडवा, गुना, दमोह, सीधी, छिंदवाड़ा व बालाघाट शामिल है। परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन किया जा रहा है।

### परीक्षा पैटर्न और कट ऑफ

परीक्षा में उम्मीदवारों से 150 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। पेपर का माध्यम अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा और कोई नकारात्मक अंक नहीं होगा। परीक्षा की अवधि 90 मिनट है। प्रमाणपत्र परिणाम की तारीख से 2 वर्ष के लिए वैध रहेगा। इसमे सामान्य 60 प्रतिशत, 90 अंक और एससी, एसटी, ओबीसी, शारीरिक रूप से विकलांग 55 प्रतिशत 82 अंक कट ऑफ रहेगा। परीक्षा 2 पाली में आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग के लिए एक घंटे पहले पहुंचना होगा। इन पालियों के लिए उम्मीदवारों को क्रमशः सुबह 08:30 बजे और दोपहर 2 बजे तक रिपोर्ट करना होगा।

## कांग्रेस बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने दीपक



**कटनी।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष स्वप्निल कोठारी की सहमति, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गुमान सिंह, बड़वारा विधायक बसंत सिंह, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, निशीथ भाई पटेल की अनुशंसा से सक्रिम कांग्रेस कार्यकर्ता दीपक तिवारी को बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ के कटनी जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। श्री तिवारी से अपेक्षा की गई है कि वे जिले के पोलिंग बूथों की जानकारी एकत्रित करते हुए कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें।

## महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष बनीं सरस्वती सोनी



**कटनी।** मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग ट्रस्ट मप्र की जिलाध्यक्ष सरस्वती सोनी को संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं सामाजिक कार्यों के प्रति सक्रिय भूमिका को ध्यान में रखते हुए एवं प्रदेशाध्यक्ष शिव कुमार तिवारी की अनुशंसा पर सरस्वती सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष मध्यप्रदेश महिला विंग नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वे अपने दायित्व को अच्छे से निर्वहन करेंगी और संगठन के उद्देश्यों को सकारात्मक तरीके से जन मानस के बीच लेकर जाएंगी। जनजागरण अभियान चलाएंगी और संगठन को मजबूत बनाएंगी। नियुक्ति पर इष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

**यशभारत हैल्पलाइन**
**अखबार की प्रति के लिए**
**फोन करें- 230033**

## शहीद स्मारक में मनी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि



**कटनी।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद स्मारक में विगत दिवस शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन कटनी के सचिव अरविंद गुप्ता, अजय बर्मन, वंशगोपाल सिंह, अनुपम जैन, दीपक जैन, पुरुषोत्तम सोनी, रजनीश सोनी, आशीष राय, प्रमोद खंपरिया, रामकिशोर बढ़ई, दीपा विश्वकर्मा, नीलिमा मसीह, लता खरे, सुषमा केवट, सिरातुल बी, रानी बानो,सुनीता सोनी, राजकुमारी राय, अवनेश राय की उपस्थिति रही।

## ब्रम्हर्षि आश्रम पहुंचकर धार्मिक सत्संग किया पन्ना के राजपरिवार ने



कटनी। महाराजा छत्रसाल के वंशज और पन्ना रियासत के महाराजा राघवेंद्र सिंह जूदेव नाती राजा, अपनी धर्मपत्नी जीतेश्वरी जूदेव देवी एवं राजकुमारी व राजकुंवर के साथ ब्रम्हर्षि अम्बाला संस्थान ब्रहमर्षि आश्रम लखाखेरा में पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत व सम्मान तिलक वंदन व पुष्पगुच्छ के साथ किया गया। उन्होंने ब्रहमर्षि अंबाला संस्थान आश्रम लखाखेरा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी हरिओम दास महाराज एवं दीदी उषा रामायणी के साथ आध्यात्मिक व धार्मिक सत्संग किया। आश्रम परिसर का भ्रमण किया व प्राप्त अनुभूतियों को सबके साथ साझा किये। ज्ञात हो जिले में स्थित यह आश्रम अध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक, शिक्षा आदि कार्यों के लिए विख्यात है। यहां पर गरीब, असहाय बच्चों को रखकर शिक्षा दिलाई जाती है। आदिवासी अंचलों के विद्यालयों में जाकर पाठ्य सामग्री का वितरण किया जाता है व शिक्षा के लिए प्रेरित तथा प्रोत्साहित किया जाता है। स्वास्थ्य के माध्यम से लोगों के कष्टों का निवारण किया जाता है। विशाल भंडारा, वृक्षारोपण, गौपालन, गौवंश रक्षण, जन जागरुकता, गरीब कन्याओं का विवाह जैसे कई कार्यक्रम अनवरत जारी रहते हैं। यहां देश-विदेश से श्रद्धालु एवं भक्तों का आना जाना लगा रहता है। प्रदेश सहित देश के कई आईएएस, आईपीएस एवं अन्य विशिष्ट अधिकारी सत्संग के लिए यहां आए दिन यहां आते रहते हैं। महाराजा पन्ना और उनके परिजनों के स्वागत के लिए सीए सुशील शर्मा, संजय पांडेय, अनिल विश्वकर्मा, संजीव शुक्ला, सत्य विश्वकर्मा और आश्रम परिवार के अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

# शिविर में 716 नेत्र रोगियों का परीक्षण, 298 का ऑपरेशन

**बरही में पूर्व नपा अध्यक्ष स्व. बाला प्रसाद वर्मा की स्मृति में नेत्र शिविर का आयोजन**



**बरही।** नगर परिषद बरही के पूर्व अध्यक्ष स्व. बाला प्रसाद वर्मा की स्मृति में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर में 716 नेत्र रोगियों का परीक्षण के उपरान्त 298 पात्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतीश नारायण तिवारी पूर्व नपा अध्यक्ष ने द्वीप प्रज्वलन कर कराया। यह आयोजन युवा समाजसेवी अजय वर्मा के संयोजन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आईपीएस स्कूल संचालक रामशिरोमणि जायसवाल की अध्यक्षता रही। विशिष्ट अतिथि विजय अग्रवाल, श्याम तिवारी, शाहिद रिजवी, सुरेंद्र दुबे, शिवलाल गुप्ता, नीरज अग्रवाल सहित नगर व क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति रही, तो वहीं आयोजन समिति के राजेश वर्मा, अजय वर्मा, विजय वर्मा, बृजकिशोर वर्मा, राजीव वर्मा अपने परिवार के साथ व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। गौरतलब है कि पिछले 8 वर्ष से शिविर का आयोजन पूर्व नगर परिषद बरही के अध्यक्ष बाला प्रसाद वर्मा के संयोजन में किया जा रहा है। गत वर्ष उनका निधन होने से उनके पुत्र अजय वर्मा वर्मा ने इस परंपरा को जारी रखते हुए निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। शिविर में बरही सहित उमरिया जिला, सतना जिले के नेत्र रोगी भी बड़ी संख्या में पहुंचे। पात्र नेत्र रोगियों को बस के माध्यम से सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय भेजा गया, जहां मोतियाबिंदु का ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में सभी के लिए भोजन सहित सारी व्यवस्थाएं वर्मा परिवार द्वारा की गईं। शिविर में पीयूष सराफ, कृष्णकांत ताम्रकार, पवन गुप्ता, विकास गुप्ता,



विकास ताम्रकार, मनोज मंगलानी, अजीत गुप्ता, प्रसन्न वदन गुप्ता, संदीप श्रीवास्तव, रिंकू अग्रवाल, ओंकार ताम्रकार, जयपाल गुप्ता, शंकर दयाल शर्मा, अमित गुप्ता, विभाष गुप्ता, सुरेश शर्मा, उमेश गुप्ता, पंकज सोनी, संदीप अग्रवाल, श्रीकांत गुप्ता, अंकुर गुप्ता, कल्याणी दुबे, हेमराज उपाध्याय, मधु सोनी, आरती सोनी, नवीन अग्रवाल, बालकृष्ण यादव आदि सेवादार व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। कार्यक्रम का संचालन वंशस्वरूप ने किया।

## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूजपेपर (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत 'यशभारत' पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

### घोषणा
(फार्म-4)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : | 'यशभारत' कार्यालय कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित, कटनी (म.प्र.) |
| 2. प्रकाशन रूप | : | सांध्य दैनिक |
| 3. मुद्रक | : | आशीष शुक्ला |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 160/जी जेडीए योजना नं 11 सेकेण्ड फेस शताब्दिपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर (म.प्र.) |
| 4. प्रकाशक | : | आशीष शुक्ला |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | 160/जी जेडीए योजना नं 11 सेकेण्ड फेस शताब्दिपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर (म.प्र.) |
| 5. संपादक | : | श्याम कटारे |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| निवास स्थान | : | मकान नंबर 802 शिवनगर गढ़ा जबलपुर (म.प्र.) |

मैं आशीष शुक्ला घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।

दिनांक : 1 मार्च 2022

आशीष शुक्ला
प्रकाशक

**किराये से देना है**
**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.


सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668


U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% Off
On Selected Merchandise
& many More
CITY Mall
U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com



# फसल काटने दूसरे क्षेत्रों की ओर रवाना होने लगे खेतिहर मजदूर

**कटनी।** जिले और आस . पास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतिहर मजदूरो के पास अभी कोई काम नहीं है। गेहूं की फसल पकने में अभी कम से कम दो माह लगना है। मनरेगा के तहत होने वाले निर्माण कार्य भी नहीं हो रहे जिनमें खेतिहर श्रमिकों को कोई काम मिल सके। विशेष रूप से महिला श्रमिकों के सामने रोज़गार का एक बड़ा संकट है। ऐसे में अब जिले और पड़ोसी जिलों की महिला श्रमिकों के समूह के समूह रोज़गार की तलाश में दूसरे क्षेत्रों का रुख कर रहे। स्थानीय बस स्टैंड में कल महिला श्रमिकों के ऐसे ही एक समूह से बातचीत में पता चला कि परिवारों के पुरुष तो काम की तलाश में शहरों में चले जाते हैं जहां उन्हें कुछ न कुछ काम मिल जाता है पर महिला श्रमिकों को कहीं कोई काम नहीं मिल पाता। खेतिहर महिला श्रमिकों को केवल फसल कटाई के समय ही काम मिल पाता है। कटनी जिले सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य रूप से गेहूं की फसल बोई गई है। यह फसल पकने में अभी दो महीने का समय लगना है जबकि सागर, बीना, गंजबासौदा आदि क्षेत्रों में इन दिनों चना और मसूर की फसल पक कर तैयार है। चना, मसूर की कटाई में इन महिला श्रमिकों को अच्छा रोजगार मिल जाता है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें तीन सौ से साढ़े तीन सौ रुपये की मजदूरी प्रतिदिन के हिसाब से मिलती है। अभी से लेकर नवरात्रि तक उन्हें वहां भरपूर काम मिल जाएगा। नवरात्र के बाद गेहूं कटाई शुरू होने पर वे अपने घर लौट आएंगी।

**चना मसूर की कटाई कर नवरात्र बाद होगी घर वापसी**

**अदरक और टमाटर की खेती से खुशहाल हुआ परिवार**

# आजीविका मिशन ने बदल दी लक्ष्मी की तकदीर

**कटनी। मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। जिले में स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने विशेष पहल की जा रही है। उसी के चलते महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवारों को भरण पोषण भी ठीक से कर पा रही हैं।**

बहोरीबंद ब्लाक के छपरा गांव निवासी लक्ष्मी हल्दकार का परिवार भी खेती करता था और आर्थिक संकट से गुजर रहा था। वर्ष 2017 में लक्ष्मी आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह से जुड़ी। उसके बाद समूह का संचालन करने के साथ ही उन्होंने खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कपड़े की दुकान प्रारंभ की और सिलाई का काम भी प्रारंभ किया। ऋ़ण लेकर उन्होंने आधुनिक तरीके से खेती का कार्य भी प्रारंभ किया और आज हर माह अच्छी आय होने से उनका परिवार खुशहाल जिंदगी बिता रहा है। छपरा निवासी लक्ष्मी हल्दकार के समूह का 2017 में पुर्नगठन हुआ और आजीविका मिशन में समूह का पंजीबद्ध किया गया। सभी सदस्य अपनी बचत राशि बैंक में जमा करने लगे। लक्ष्मी ने सीआरपी के रूप में कार्य किया और विभिन्न ग्रामों में जाकर 156 स्व सहायता समूहों का गठन किया। समूह से जुड़कर लक्ष्मी ने कृषि, ग्राम संगठन, संकुल संगठन, अवधारणा, बुक कीपिंग, एमसीपी आदि विषयों पर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।



**अनुदान, समूह से ऋ़ण लेकर शुरू की दुकान**

लक्ष्मी ने समूह से जुड़कर 10 रूपये साप्ताहिकी प्रारंभ की और छोटे-बड़े ऋ़ण लेकर जरूरतें पूरी की। ग्राम संगठन का उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया और वर्तमान में वे संकुल स्तरीय संगठन की अध्यक्ष भी हैं। लक्ष्मी ने बताया कि चक्रीय कोष की राशि आजीविका मिशन से उन्हें 12 हजार रूपये प्राप्त हुई थी। जिसके बाद उन्होंने समूह से 15 हजार रूपये ऋ़ण लिया और घर में कपड़े की दुकान प्रारंभ कर दी। जिससे लगभग हर माह उसे 4 हजार रूपये की आमदनी होने लगी। समूह का ऋ़ण चुकती करने के बाद सामुदायिक निवेश की राशि आने पर लक्ष्मी ने समूह से 80 हजार रूपये का ऋ़ण लिया और उसके माध्यम से टमाटर व अदरक की खेती आधुनिक तरीके से प्रारंभ की। इसके अलावा सिलाई मशीन भी खरीदी। वर्तमान में लक्ष्मी को हर माह खेती व दुकान से लगभग 15 हजार रूपये का आय प्राप्त हो रही है और उसके माध्यम से उसका परिवार खुशहाल जिंदगी व्यतीत कर रहा है।

# 1 से 5 मार्च तक आयोजित होगा पौधारोपण महाअभियान

**अभियान की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगमायुक्त ने अधिकारियों,कर्मचारियों को सौंपे दायित्व**

**कटनी।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के आदेशानुसार पौधारोपण को जन आन्दोलन बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संकल्प को जनभागीदारी से महाअभियान का रूप दिये जाने हेतु शासकीय विभागों, नागरिकों, समुदायों, एवं स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से 1 मार्च से 5 मार्च तक पौधारोपण का अभियान पूरे प्रदेश में चलाये जाने के निर्देश प्रदान किये गए है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा शासन निर्देशों के परिपालन मे स्थानीय स्तर पर निकाय सीमान्तर्गत 1 से 5 मार्च तक पौधारोपण महाअभियान की व्यवस्थाओं हेतु प्र.कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाकर निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंपे गए है। अभियान के तहत निकाय के भवनों के प्रांगण, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर, सामुदायिक भवन, पार्क, निकाय की अन्य सार्वजनिक भूमियों, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ए.एच.पी घटक के परिसर में तथा बी.एल.सी घटक के हितग्राहियों के घर के परिसर अथवा आसपास के पार्क में वृक्षारोपण करानें व पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी हितग्राहियों को दिये जाने, शासकीय, समुदाय आधारित एवं निजी संगठनों को इस अभियान से जोडते हुए पौधारोपण कराने, भवन अनुज्ञा की शर्तो के अनुसार पौधारोपण कराने हेतु प्रोत्साहित करने, पौधारोपण हेतु पौधे, पानी, मिट्टी एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध काराने तथा अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए पौधारोपण का विवरण फोटो सहित जानकारी वायुदूत-अंकुर एप पर अपलोड कराने हेतु विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।



# रूस-यूक्रेन युद्ध के कारणों एवं प्रभाव पर हुई परिचर्चा

**कटनी।** कभी सोबियत संघ का हिस्सा रहे यूक्रेन द्वारा नाटो में शामिल होने की घोषणा के बाद से ही नाराज चल रहे रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया है। रूसी टैंक यूक्रेन की राजधानी समेत अन्य नगरों में बमबारी कर रहे वहीं मिसाईलों से भी हमले हो रहे हैं। पूरा विश्व इस युद्ध से चिंतित है। भारत सरकार यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को सुरक्षित भारत लाने का प्रयास कर रही। सभी ओर रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की चर्चा है। इस युद्ध का प्रभाव भारत पर क्या पड़ेगा इसे लेकर गत दिवस तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुधीर खरे के निर्देशन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर कुमुद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक सुनील त्रिपाठी ने रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला और उसके कारण बदले वैश्विक व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चर्चा में सोवियत संघ के इतिहास और और उसके विघटन तथा सोवियत संघ के विघटन के पश्चात नवनिर्मित अन्य देशों से उसके संबंध की चर्चा की गई। चर्चा विशेष रूप से यूक्रेन पर केंद्रित थी। इसमें बताया गया की किस प्रकार 2013.14 में यूक्रेन में रूस समर्थित राष्ट्रपति को पश्चिमी देशों के सहयोग से घरेलू विद्रोह द्वारा बदला गया जिससे नाराज होकर रूस ने यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप को 2014 में रूस में मिला लिया। रूस के इस कदम का विरोध करके अमेरिका ने रूस को जी 8 समूह से निष्कासित कर दिया। जिससे जी 8 समूह अब जी 7 समूह में बदल गया। दिसंबर 2021 में यूक्रेन द्वारा नाटो में शामिल होने की इच्छा जताना और अमेरिका द्वारा यूक्रेन को नाटो में शामिल करने की तत्परता को देखते हुए रूस ने अमेरिका के इस कदम का विरोध किया और यूक्रेन के नाटो में शामिल होने के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई। पिछले एक साल से पश्चिमी देशों और अमेरिका द्वारा यूक्रेन का शस्त्रीकरण किया जा रहा था जिसके कारण यूक्रेन सैन्य रूप से मजबूत हो रहा था। अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा रूस के पड़ोस में नाटो के पहुंचाने से रूस नाराज हो गया और उसने यूक्रेन से और अमेरिका से यह लिखित में आश्वासन चाहा की अमेरिका कभी भी यूक्रेन को नाटो में शामिल नहीं करेगा, परंतु अमेरिका और यूक्रेन द्वारा रूस को ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया गया जिसके कारण रूस बौखला गया। उसने यूक्रेन के तीन तरफ से उत्तर में बेलारूस पूर्व में स्वयं रूस और दक्षिण में क्रीमिया प्रायद्वीप में युद्धाभ्यास प्रारंभ कर दिया और फिर अंततः उसने 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया।



तिलक कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने किया आयोजन

**देश में और बढ़ेगी महंगाई**

रूस यह समझता था कि वह कीव पर अधिकतम 2 दिनों में अधिकार कर लेगा परंतु यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की द्वारा यूक्रेन के नागरिकों से अपील की गई वे लोग भी यूक्रेन आर्मी के साथ मिलकर रूस का विरोध करें। रूस और यूक्रेन की लड़ाई से न केवल यूरोप बल्कि संपूर्ण विश्व प्रभावित होगा। भारत जो पेट्रोल का लगभग 75ः आयात करता है इस युद्ध में पेट्रोलियम की कीमतों में वृद्धि के कारण भारत को अपने पेट्रोलियम आयात बिल में अत्यधिक वृद्धि करनी पड़ेगी जिसके कारण भारत में महंगाई अत्यधिक बढ़ जाएगी जो अत्यंत चिंता का विषय है।

# एक क्विंटल महुआ लाहन, 11 लीटर अवैध शराब जप्त



**एक दर्जन आरोपियों पर मामला दर्ज**

**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि इसी क्रम में गतदिवस शनिवार को आबकारी वृत्त बहोरीबंद क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई है। गत शुक्रवार को विभागीय अमले द्वारा ग्राम करहिया, कैमोरी, बरही, पटना, सांडा, बहोरीबंद में कार्रवाई करते हुये 1005 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया है। साथ ही 11 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा भी दल द्वारा जप्त किया गया है। इस कार्रवाई में संबंधितों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 12 न्यायालयीन प्रकरण भी दर्ज किये गये हैं। विभागीय अमले द्वारा मौके पर जप्तशुदा महुआ लाहन का सैम्पल लेकर नष्ट किया गया है। इस दौरान कार्रवाई में जप्त महुआ लाहन तथा अवैध शराब की अनुमानित कीमत 51 हजार 900 रुपये बताई गई है।



# सफाई अभियान की कमियां दूर करने हो रहे प्रयास

**स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 में कटनी नगर को ऊंचे पायदान पर लाने लगा रहे जोर**

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन कर कमियों को दूर कराने के प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा भी प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सामने आने वाली कमियां दूर करने के निर्देश सफाई अभियान को दिए गए हैं।

**डोर टू डोर कचरे का संग्रहण**

प्रभारी स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि रोजाना प्रातः से ही नगर की सफाई व्यवस्था के अभियान स्वरूप प्रयास किये जाकर विभिन्न तिराहों चौराहों के मुख्य मार्गो सहित गलियों, कूचों की सार्वजनिक सडकों, नाले नालियों, कचरे के प्वाइंटों, डिवाईडर डस्टबिन की सफाई, डोर टू डोर कचरें के संग्रहरण का कार्य कराया जाकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये जा रहे है। आवश्यकतानुसार मुख्य मार्गो में नवीन लिटर बिन स्थापित कराने का कार्य किया जा रहा है।

**इन स्थलों पर चला सफाई अभियान**

प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कमानिया गेट मुख्य मार्ग, बरही रोड, कोतवाली तिराहा मार्ग एवं पुरूष व महिला प्रसाधान स्थल की सफाई एवं धुलाई, मिशन चौक, आजाद चौक मुख्य मार्ग, चांडक चौक, नदीपार मुख्य मार्ग, बस स्टेण्ड परिसर, मुक्तिधाम रोड, पन्ना मोड मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर, बरगवां, भट्टा मोहल्ला, पाठक वार्ड लक्ष्मी पान भंडार मार्ग, विवेकानंद वार्ड स्थित चर्च के पास, घंटाघर प्वाइंट, सराफा बाजार, वेंकट वार्ड मेन रोड, ओव्हर ब्रिज की नीचे एवं गौरीशंकर हास्पिटल गली, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड बग्गा मंदिर के पास एवं आसपास के खाली प्लाटों की सफाई, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग एवं एन.के.जे दुर्गा मंदिर के पास, झिंझरी मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर उपनगरीय क्षेत्र नया गुरूद्वारा, पी.डव्ल्यू डी कॉलोनी, पुलिस लाईन शंकर जी के मंदिर के पास सहित अन्य स्थलों की सफाई कराई जाकर डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया।

**पानी निकासी के लिए कराई नाले नालियों की सफाई**

सार्वजनिक नाले नालियों से पानी की सुगम निकासी हेतु चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित गाटरघाट रोड एवं छैघरा बस्ती जगमोहनदास वार्ड वरूण भवन, मोहन बत्रा जी के घर के सामनें, धर्मलोक हास्पिटल के पास के बडे नाले, थाना तिराहा मार्ग की नालियों, कावस जी वार्ड विवेकानंद चौक के पीछे पटैल के घर के सामने, फारेस्टर वार्ड जयहिंद चौक से भरत चौक, मंगलनगर पुलिया, स्टेशन रोड मुख्य मार्ग की नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड आदिवासी बस्ती सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

# 1672 बूथों पर पिलाई गई पोलियो की दवा

**कल भी संचालित होगा पल्स पोलियो अभियान**


**कटनी।** प्रदेश के साथ ही जिले में भी 27 फरवरी से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का प्रारंभ हुआ। जिसके तहत जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। इसी क्रम में 28 फरवरी और 2 मार्च को भी पल्स पोलियो अभियान का संचालन निर्धारित केन्द्रों पर किया जायेगा। इस अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि पोलियो से बचाव के लिये अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा अवश्यक पिलाये और जिले तथा प्रदेश के पोलियो मुक्त रखने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभायें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सिंघई ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के समस्त 6 ब्लॉक, 1 सीएच, 6 सीएचसी, 18 पीएचसी, 80 सेक्टर तथा 187 सब सेन्टर निर्धारित किये गये हैं। जिले में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1 लाख 27 हजार 776 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। जिसमें शहरी क्षेत्र अंतर्गत 37 हजार 662 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1 लाख 35 हजार 114 बच्चे शामिल हैं। इस अभियान के लिये जिले में कुल 1672 बूथ बनाये गये, जिनमें शहरी क्षेत्र में 288 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 1384 बूथों पर पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई जा रही है। पल्स पोलियो टीकाकरण में 27 मोबाईल टीम तथा 75 ट्रांजिट बूथ भी बनाये गये हैं। वहीं इस कार्य के लिये 3354 कर्मचारी तथा 162 सुपरवाईजर को तैनात किया गया है।



# सफाई व्यवस्था से समझौता नहीं

**सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने पर 5550 रूपये का जुर्माना**

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के नर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण – 2022 के निर्धारित प्वांइटों के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीरता से प्रयास किये जा रहे है। रोजाना दो पालियों सहित रात्रिकालीन सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही नागरिकों के मध्य पहुचकर विभिन्न माध्यमों से जागरूकता के प्रयास कये जा रहे है। नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे, इस हेतु सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलानें, अमानक प्लास्टिक का उपयोग करनें, निर्माण सामग्री साव्रजनिक मार्गो में रखकर मार्ग की सुंदरता एवं यातायात व्यवस्था बिगाडनें वालों पर रोजाना जुर्माना लगाने की कार्यवाही कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखकर स्वच्छता के उच्च शिखर में पहुचाने हेतु निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की समझाईश दी जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था के दौरान विभिन्न सार्वजनिक मार्गो में गंदगी फैलाने, निर्माण सामग्री रखे जाने, खुले में मूत्र त्याग करने, आमानक प्लास्टिक का उपयोग करने पर 5550 रूपये का फाईन अधिरोपित किया जाकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की हिदायत दी गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि नगर निगम कटनी द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण – 2022 की प्रतियोगिता में भागीदारी कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये जा रहे है। नागरिकों के सकारात्मक सहयोग के बिना नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रख पाना संभव नहीं है।



# भूगोल की छात्राओं ने देखे जबलपुर के प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थल

**बरगी डेम के महत्व को भी जाना छात्राओं ने**

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय की भूगोल अंतिम वर्ष की छात्राओं को गत दिवस जबलपुर के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष के के.जे. सिन्हा के निर्देशन में भूगोल विभाग के शैक्षणिक स्ववित्तीय अतिथि विद्वान प्रेमलाल कांवरे के संचालन एवं डॉ. विमला मिंज डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, भीम बर्मन, सुश्री आरती वर्मा, मनीषा दाहिया के साथ गत दिनों महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं का एक शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के द्वारा जबलपुर के प्रमुख प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों, रानी अंवती बाई सागर परियोजन, (बरगी डैम) धुआधार जल प्रपात, भेड़ाघाट, पंचवटी, चौसठ योगिनी मंदिर, पचमठा मंदिर, मदन महल, शारदा देवी मंदिर, शिव मंदिर कचंनार सिटी इत्यादि स्थलों का भ्रमण करवाया गया। जिसमें छात्राओं को विषय सें संबंधित प्रायोगिक कार्य अनुभव एवं क्षेत्र कार्य की जानकारी व्यवहारिक रूप में प्रदान की गई। उल्लेखनीय है की 417 मीटर गहरे बरगी बांध में विभिन्न लाभ पूर्ण योजनाएं जैसे बिजली उत्पादन, मछली पालन, जल परिवहन के कार्य किये जा रहे हैं और नहरो के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवायी जा रही हैं, छात्राओं ने क्रूज में वोटिंग के माध्यम से इनका प्रत्यक्ष अनुभव किया। संगमरमर की दर्शनीय चट्टानों और विभिन्न शिल्प कलाकृतियों का छात्राओं के समूह द्वारा अवलोकन किया गया। 60 छात्राओं एवं 8 प्राध्यापकों के समूह के द्वारा यह शैक्षणिक भ्रमण किया गया जिससे भूगोल विषय की व्यवहारिक उपयोगी जानकारी और विज्ञान का अनुभव छात्राओं को करवाया जा सके।



# ओम नमः शिवाय और बम भोले से गूंजे शिवालय

## अपार उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही महाशिवरात्रि, कहीं फूलों से श्रृंगार तो कहीं अखंड मानस पाठ और रूद्राभिषेक के बाद भंडारे का आयोजन



**कटनी।** महाशिवरात्रि का पर्व आज शहर, उपनगरीय क्षेत्रों सहित समूचे जिले में अपार उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। शिवालयों में कहीं भक्ति और आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार किया गया है, तो कहीं अखंड मानस पाठ के साथ रात्रि जागरण और भगवान आशुतोष को प्रिय रूद्राभिषेक से शिव जी को प्रसन्न करने के लिए भक्त आतुर नजर आ रहे। मंदिरों में महाशिवरात्रि को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। शिवालयों में भक्तों की कतार दिखी। कहीं रूद्राभिषेक तो कहीं अखंड मानस पाठ का आयोजन चल रहा। भूतभावन देवाधि देव महादेव की आराधना के विशेष महापर्व महाशिवरात्रि पर आज शहर, उपनगरीय, समेत ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजनों का सिलसिला सुबह से ही प्रारंभ हो गया। भक्तों ने पवित्र जल, गंगाजल, दूध, दही, शहद, खीर, घी, गन्ने का रस आदि के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। हवन, पूजन, यज्ञ के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। भगवान शिव के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिरों में पहुंचे। पूजा अर्चना का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा, इसके उपरांत मंदिरों में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित किया।



### मघई मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़

शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र अल्फर्टगंज स्थित मघई मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना करने सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। आलम यह था कि भक्तों की कतार मंदिर के बाहर तक लग गई। दिन भर पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा। मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियों पिछले कई दिनों से की जा रही थी। यहां फूलों के सुंदर श्रंगार से शिवभक्तों ने सुंदर झांकी के साथ भगवान शंकर की आराधना की। इसी तरह छोटी खिरहनी स्थित बध्या बाबा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध शिव शनि मंदिर में सुबह से मेले का आयोजन किया। जिला चिकित्सालय रोड स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह साधूराम स्कूल के पास स्थित शिवमंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### इन शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि की धूम

महाशिवरात्रि पर शहर, उपनगरीय और ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कहीं एक दिन पहले से ही अखंड रामायण पाठ हो रहा है तो कहीं आज सुबह से रूद्राभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा रौनक स्थानीय अल्फर्ट गंज स्थित मघई मंदिर में नजर आई। यहां मंदिर को फूलों से सजाया गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज अपरान्ह तीन बजे से भव्य शिव बारात निकाले जाने की तैयारी की जा रही है। मघई मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। इसी तरह सिविल लाइन रेलवे कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर, गोलबाजार स्थित कांच मंदिर, जिला चिकित्सालय रोड स्थित शिव मंदिर, खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड हवलदारिन के बाड़े में स्थित मंदिर, छपरवाह स्थित हनुमान मंदिर, माई नदी शिव मंदिर, रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर, गाटरघाट स्थित श्री शंकर मंदिर, साधूराम स्कूल के पास स्थित शंकर मंदिर, मसुरहा वार्ड गौतम शिवशक्ति मंदिर, जवारा गली स्थित शंकर मंदिर, गायत्री नगर गोपालबाग स्थित शंकर मंदिर, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित खेरमाई मंदिर, शिव मंदिर, ग्राम पड़खुरी सलैया नीलकंठेश्वर धाम स्थित शंकर मंदिर, पहरूआ स्थित मधुर वेयर हाऊस में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मंदिरों में आज और कल विशाल भंडारे का कार्यक्रम भी रखा गया है। इसी तरह छोटी खिरहनी नागेश्वर धाम स्थित शनि मंदिर में आज दिन भर महाविशवरात्रि पर शिवरात्रि मेले का आयोजन किया गया है।

### गौरीशंकर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

श्री गौरीशंकर मंदिर माधवनगर में भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भगवान भोलेनाथ के लिए उमड़ी। यहां रूद्राभिषेक के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गौरीशंकर सेवा मंडल मंदिर कमेटी माधवनगर के संरक्षक श्रीचंद लहाणी, अध्यक्ष देवीदास थावानी, उपाध्यक्ष राजकुमार झामनानी, सचिव महेश कुमार वाधवानी, सहसचिव सुरेश राजश्री, कोषाध्यक्ष राकेश जसूजा, सदस्य धनराज बजाज, संजय श्रीचन्दानी, ज्योति दौलतानी, प्रकाश परस्वानी, छोटू लहाणी, प्रकाश मोटवानी, रामचंद्र वाधवानी, आशीष तिवारी एवं दिनेश सचदेव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।





### विजयनाथधाम बरही में भक्तों की लगी कतार



महाशिवरात्रि के अवसर पर विजयनाथधाम शिवमंदिर में अलसुबह से ही भोले भक्तों की कतार लग गई। भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने बड़ी संख्या में दूर.दराज से भक्त परिवार सहित पहुंचे हुए थे। हर-हर महादेव के गगनभेदी नारे लग रहे थे। वही भोले भक्तों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया था। प्रसाद वितरण का दौर अनवरत जारी रहा। मंदिर प्रांगण में लगी भक्तों के बीच पूजा-पाठ, जलाभिषेक सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम सुबह से ही चल रहे थे। इस बार सुरक्षा व कानून व्यवस्था के मद्देनजर बरही का पुलिस अमला मुस्तैद था।




SYNA INTERNATIONAL SCHOOL

VACANCIES

OPEN POSITIONS

PGT ENGLISH, HISTORY, POLITICAL SCIENCE, ACCOUNTANCY, COMPUTER SCIENCE
TGT MATHS, SST( WITH GEOGRAPHY), SCIENCE
PRT HINDI, SCIENCE
PPRT NURSERY TRAINED TEACHERS/ECC WITH FLUENCY IN ENGLISH

OTHER SUPORTING STAFF

DANCE, ARCHERY, SHOOTING, BRASS BAND, CHESS, TENNIS, WESTERN MUSIC INSTRUCTORS

ATTRACTIVE SALARY AND PERKS. COMPARABLE TO THE BEST IN INDUSTRY

- Plese send your CV to ppl@synainternational.edu.in
- only shortlisted candidates will be called for interview.
- Teaching experience of 4+ years along with good communication and fluency in English will be preferred

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL
Near District and Session Court, Katni (M.P.) - 483501
Call us : 9977583555

### आम सूचना

मैं सैयदा नाजरा सुल्ताना पति आबिद खान उम्र 42 साल, एनटीआरटी 126 वार्ड क्रं. 11 एसीसी कॉलोनी कैमोर तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी (म.प्र.) की निवासी हूं। मेरे पेनकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सैयदा नाजरा सुल्ताना दर्ज है किंतु हाईस्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा कक्षा 10 वीं की अंकसूची में मेरा आधा नाम नाजरा सुल्ताना ही दर्ज है। ये दोनों नाम सैयदा नाजरा सुल्ताना और नाजरा सुल्ताना मेरे ही है अतः इन्हें मेरा नाम ही माना जाए। भविष्य में मुझे मेरे वास्तविक नाम सैयदा नाजरा सुल्ताना के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

**सही नाम - सैयदा नाजरा सुल्ताना पति आबिद खान, कैमोर**










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)